# मेरे श्याम की महफ़िल में भक्तो किरपा दिन रात बरसती है

मेरे श्याम की महफ़िल में भक्तो,
किरपा दिन रात बरसती है,
बिन बोले वो सब मिल जाता है,
जिसे सारी दुनिया तरसती है,
मेरें श्याम की महफ़िल में भक्तो,
किरपा दिन रात बरसती है।bd।

तर्ज – मेरे सामने वाली खिड़की में।

---

जिस दिन से रखा है कदम दर पे,
उस दिन से दीवाना दिल ये हुआ,
रहते हो साथ मेरे हरदम,
जबसे चौखट को मैने छुआ,
किसी और की ना दरकार उसे,
जिस पर तेरी नज़रे रहती है,
मेरें श्याम की महफ़िल में भक्तो,
किरपा दिन रात बरसती है।bd।

---

जो कर ना सका वो तूने किया,
मजबूर को भी मशहूर किया,
जिसके कोई साथी नही जग में,
उसके तू साथ है श्याम पिया,
अब आठो पहर दिल की धड़कन,
तेरा ही नाम सुमरती है,
मेरें श्याम की महफ़िल में भक्तो,
किरपा दिन रात बरसती है।bd।

---

विश्वास मेरा एक दिन तू ही,
मेरी नैया पार लगाएगा,
भव सागर के दु:ख दर्दो से,
छुटकारा तू ही दिलाएगा,
‘राजू’ कहता जो दास तेरा,
उसकी तो पार उतरती है,
मेरें श्याम की महफ़िल में भक्तो,
किरपा दिन रात बरसती है।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

मेरे श्याम की महफ़िल में भक्तो,
किरपा दिन रात बरसती है,
बिन बोले वो सब मिल जाता है,
जिसे सारी दुनिया तरसती है,
मेरें श्याम की महफ़िल में भक्तो,
किरपा दिन रात बरसती है।bd।

**Singer – Nisha Dutt**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com